

# 118 किमी की पंचक्रोशी : सिर पर गठरी, पांव में छाले, मन में आस्था

**एक दिन पहले ही पहुंच जाएंगे श्रद्धालु, कलेक्टर ने व्यवस्था के लिए दिए आदेश**

**उज्जैन।** धर्म, आस्था और तप की परंपरा को जीवंत करती पंचक्रोशी यात्रा यूं तो 12 अप्रैल से शुरू होने जा रही है, बावजूद एक दो दिन पूर्व ही ग्रामीण श्रद्धालु बड़ी संख्या में निकल पड़ते हैं ऐसे में जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं।

महाकाल की नगरी उज्जैन में होने वाली यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि ग्रामीण श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा, तपस्या और समर्पण का अद्‌भुत उदाहरण भी है। इस पवित्र यात्रा में दूर-दराज के गांवों से हजारों श्रद्धालु भगवान महाकाल और पंचक्रोशी क्षेत्र के देवस्थानों के दर्शन के लिए नंगे पैर निकलते हैं।

कई श्रद्धालुओं के पैरों में छाले पड़ जाते हैं, लेकिन मन में भक्ति और आस्था का संकल्प उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति देता है। दाल बाटी और अन्य खाने पीने की सामग्री की गठरी सर पर रखकर चलते हैं और बाबा महाकाल के जयकारे लगाते हुए वह पड़ाव दर पड़ाव आगे बढ़ते रहते हैं।

पंचक्रोशी यात्रा का धार्मिक महत्व अत्यंत प्राचीन माना जाता है। मान्यता है कि इस यात्रा के दौरान लगभग 118 किलोमीटर के पंचक्रोशी क्षेत्र में स्थित प्रमुख देवस्थानों की परिक्रमा करने से पापों का क्षय होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु परिवार सहित या समूहों में यह यात्रा करते हैं। सिर पर खाने-पीने के सामान की गठरी, हाथ में



पूजा सामग्री और मन में महाकाल के दर्शन की लालसा लेकर श्रद्धालु कई दिनों तक पैदल चलते हुए यात्रा पूरी करते हैं। गांवों से आने वाले अधिकांश श्रद्धालु साधारण किसान और ग्रामीण परिवारों से होते हैं। कई महिलाएं और बुजुर्ग भी इस यात्रा में शामिल होते हैं। कड़ी धूप, लंबा रास्ता और थकान के बावजूद उनके चेहरे पर भक्ति का भाव और होंठों पर जय महाकाल का उद्घोष बना रहता है। रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों में रुककर श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं और आगे बढ़ते हैं। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर मुख्य पड़ाव और उप-पड़ाव बनाए जाते हैं, जहां श्रद्धालु विश्राम करते हैं। इन स्थानों पर प्रशासन के साथ-साथ समाजसेवी संस्थाएं और स्थानीय ग्रामीण भी सेवा भावना से यात्रियों के लिए भोजन, पानी, छाया और अन्य व्यवस्थाएं करते हैं।

**स्वास्थ्य का भी रखा जाएगा भक्तों का ध्यान**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने भी व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार पंचक्रोशी मार्ग के मुख्य पड़ाव और उप-पड़ाव पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थाई अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर अस्थायी अस्पताल और स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए गए हैं।

## चाकू से हमला कर लूट की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

**पाटीदार ब्रिज पर तीन माह पहले चाकू से किया था युवक पर हमला**



**उज्जैन।** पाटीदार ब्रिज पर तीन माह पहले चाकू से हमला कर युवक के साथ लूट की कोशिश करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया गया है।

देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 13 जनवरी को दांचा भवन में रहने वाला गौरव राठौर फ्रीगंज से बाइक पर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान रात 10.30 बजे के लगभग पाटीदार ब्रिज स्मार्ट रोड के समीप उसे बदमाश रवि डाबी ने रोक लिया था और शराब पीने के रुपए मांगे थे। गोपाल द्वारा रुपए देने से मना किया गया तो बदमाश ने लूट का प्रयास किया विरोध करने पर गोपाल को चाकू मार कर भाग निकला था। मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की लगातार तलाश की जा रही थी तीन माह बाद गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि बदमाश ज्ञानेश्वरी माता मंदिर के सामने कोयला फाटक चौराहा क्षेत्र में देखा गया है। पुलिस तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिए मौके पर पहुंची और क्षेत्र में आसपास तलाश करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि बदमाश आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है पूछताछ के बाद उस घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। दोपहर बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## एक नजर में



### मिलन समारोह में किया रचनाओं का वाचन

**उज्जैन।** शहर की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था अनामिक का मासिक मिलन एवं साहित्य रचना पठन सुनीता केलकर के संयोजन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समूह की सभी सखियों ने अपनी रचनाओं का प्रभावी वाचन किया। हिंदी और मराठी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कटिबद्ध यह संस्था शहर के विभिन्न नवोदित साहित्यकारों को मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। कार्यक्रम में रचनाओं की प्रस्तुति के पश्चात आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं पर चिंतन कर उन्हें मूर्त रूप देने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। अनामिक सखी समूह के इस मासिक मिलन में नूतन भोरास्कर, सुनीता केलकर, हितेषा गोरे, वीणा पाध्ये, सरिता ठाकरे, सीमा धुलेकर, योगिनी पितले, कीर्ति पटवर्धन एवं राजश्री जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के पदाधिकारियों की घोषणा




**उज्जैन।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक में संगठन के प्रमुख सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और विस्तार को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों की घोषणा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए संगठन के उद्‌देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में समाज हित, राष्ट्र सेवा और हिंदू समाज की एकता को सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। इसमें विजय सिंह ठाकुर को सत्संग प्रमुख, रूप सिंह जाट को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र परमार को मीडिया प्रभारी, राजेश राबल मोहननगर को महासचिव, जितेन्द्र पांचाल को जिला प्रभारी, राव साहब गांधी नगर को व्यवस्था प्रबंधन प्रमुख, विपिन खत्री को सूचना प्रमुख और नितिन जादोन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह दीपक परिहार को संयोजक, गुड्‌डू भाई खिलचीपुर को सह संयोजक, पांडे को सह संयोजक, कैलाश को सह संयोजक, देवेन्द्र श्रीवास्तव को सह संयोजक, सतीश द्रोणावत को सह संयोजक, भोलाराम प्रजापत को सह सूचना प्रमुख, राजेश प्रजापत को धर्म प्रसार प्रमुख, रूपलाल मादावत को सलाहकार प्रमुख, रामचन्द्र एकल को बौद्धिक प्रमुख और आदित्य मालवीय को सदस्य का दायित्व सौंपा गया है। अंत में सभी ने मिलकर संगठन की प्रगति और देश की समृद्धि के लिए संकल्प लिया।

### शीतल जल मंदिर का शुभारंभ कल

**उज्जैन।** पूज्य श्री गोपालराव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में विगत 22 वर्षों से पंचकोशी यात्रियों को निरंतर सेवाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को प्रात: 11 बजे पंचकोशी यात्रियों के लिए शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया जाएगा। यह जल मंदिर आनंद नगर स्थित हीरा मिल के सामने आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर स्थापित किया जाएगा। मनोहर परमार ने बताया कि शीतल जल मंदिर का शुभारंभ मुख्य अतिथि व वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन, शोभा जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल बागरवाल और अजीत मंगलम सपत्नीक आनंदेश्वर महादेव का पूजन कर करेंगे। इस अवसर पर पूजन विधि पंडित संतोष शर्मा द्वारा संपन्न कराई जाएगी। संस्था के संस्थापक महेश सोनोने, संचालक प्रेम नारायण टाटावत, सुनीता सोनोने, सभी पदाधिकारी शिवनारायण जागीरदार, लीलाधर आड़तिया, महेंद्र रामी, गीता रामी पूर्व पार्षद, अनिल लश्करी, पिंकी यादव, कविता राय, लक्ष्मी लश्करी, पारस कुमार जैन, धर्मेंद्र जैन और अशोक कपूर ने सभी महानुभावों और श्रद्धालुओं से समय पर उपस्थित होकर आनंदेश्वर महादेव के पूजन-अर्चन तथा पंचकोशी यात्रियों को जल वितरण में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### फुले जयंती पर निकलेगी विशाल वाहन रैली



**उज्जैन।** महान विचारक और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती के अवसर पर श्री सकल पंच मेवाडा माली समाज उज्जैन द्वारा 11 अप्रैल, शनिवार को एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली सुबह 9 बजे जयसिंहपुरा स्थित राधाकृष्ण माली मंदिर से प्रारंभ होगी। यह वाहन रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। रैली राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होकर मंडी चौराहा, महाकाल लोक, गदा पुलिया, इंदौर गेट, दौलतगंज चौराहा, मालीपुरा, देवास गेट, चामुंडा माता चौराहा और कोयला फाटक होते हुए इंदिरा नगर चौराहा पहुंचेगी। यहां समाज जन महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। सकल पंच मेवाडा माली समाज के अनुसार, इस विशाल रैली में हजारों की संख्या में समाज जन सम्मिलित होंगे। वाहन रैली के समापन के पश्चात समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, मेधावी छात्राओं और अखाड़ा संचालकों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।

## पीपलीनाका पर जमीन नपती को लेकर हुआ जमकर विवाद, भाटी परिवार के दो पक्ष आमने-सामने, पुलिस ने शांत कराया मामला

**उज्जैन।** पीपलीनाका क्षेत्र में चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन द्वारा नपती का काम किया जा रहा है। जहां गुरुवार को एक ही परिवार के दो पक्ष जो भाजपा और कांग्रेस से जुड़े हैं उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। मामले को पुलिस ने शांत कराया। दोनों पार्टी के नेता के मौके पर पहुंच गए थे। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के पिपलीनाका क्षेत्र में मार्ग चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जहां शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक भाटी और परिवार के ही भाजपा पार्षद गब्बर भाटी के मकान भी बने हुए हैं। प्रशासन की टीम आज क्षेत्र में नपती करने पहुंची थी, जहां अशोक भाटी ने नपती के दौरान मार्ग पर बने डिवाइडर के अनुसार नपती करने की बात कही, जिसको लेकर भाजपा पार्षद गब्बर भाटी ने आपत्ति दर्ज कराई इसी बात पर दोनों परिवार आमने-सामने हो गए, कुछ देर में ही विवाद की स्थिति बन गई जिसके चलते मौके पर जीवाजीगंज थाना पुलिस के साथ अन्य थाना पुलिस का बल भी पहुंच गया। दोनों ओर से मारपीट हुई कुछ लोगों को चोट भी लगी पुलिस ने मामला शांत कराया और शिकायत दर्ज करने की बात कही लेकिन दोनों पक्ष शिकायत के लिए राजी नहीं हुए। प्रशासन की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में नपती का काम पूरा किया। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया का कहना था कि कुछ लोगों को मामूली चोटे लगी थी, शाम तक दोनों पक्षों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद की जानकारी लगने पर कांग्रेस विधायक महेश परमार मौके पर पहुंच गए थे वहीं गब्बर भाटी की ओर से भी कुछ सत्तारूढ़ दल के नेता पहुंचे थे।

## महिला ने फांसी नहीं लगाई थी, पति ने मारा था

**महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच आया सामने, पति को भेजा जेल**

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोकनगर में 15 मार्च को बाथरूम में निर्मला पति मायापुरी का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। पुलिस सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची थी। जहां पति ने बताया था कि सालभर पहले प्रेम विवाह किया था। निर्मला अनुसूचित जाति वर्ग की थी और वह पिछड़ा वर्ग का है। हम दोनों का अंतरजातिय विवाह था। निर्मला गुना चलकर दस्तावेज बनवाना चाहती थी। उसने काम की वजह से गुना जाने से मना कर दिया था। जिसके चलते नाराज होकर उसने फांसी लगाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। पति ने अंतिम संस्कार कर दिया था। 23 दिन बाद पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली तो हैरत में पड़ गई। निर्मला की मौत फांसी लगाने से नहीं हुई थी। उसका गला दबाकर मारा गया था, उसके बाद फंदे पर लटका गया था। पुलिस ने मंगलवार रात मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई तो सामने आया कि उसने विवाद होने पर गला दबाकर मारा था। उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिये बाथरूम में दुपट्टे के फंदे से लटका दिया। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि आरोपित पति को गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया था कि निर्मला सात माह की गर्भवती थी। उसकी मौत के साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हुई है।

### महामंत्र का किया जाप

**उज्जैन।** शहर के राजेंद्र जैन सभा गृह में नवकार दिवस के अवसर पर भव्य कार्यस्त्र5म आयोजित किया गया। चतुर्विध संघ के सानिध्य में नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया, जिससे संपूर्ण सभागार भक्तिमय हो उठा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की इतनी भारी भीड़ उमड़ी कि सभा गृह पूरी तरह खचाखच भर गया और बड़ी संख्या में लोगों को मैदान में खड़े रहकर कार्यक्रम में शामिल होना पड़ा। यह आयोजन नवकार महामंत्र के प्रति समाज की गहरी आस्था का प्रमाण बना। कार्यक्रम में विधायक अनिल कालूहेड़ा, पारस जैन, मनीष कोठारी, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, रजत मेहता और डॉ. संजीव जैन सहित नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अभिनेत्री सुहासी व सांसद वानखेड़े पहुंची महाकाल



**उज्जैन।** प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री सुहासी धामी व सांसद लता वानखेड़े ने गुरुवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। अभिनेत्री धामी अल सुबह यहां पहुंची व महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई। सागर से लोकसभा की सांसद लता वानखेड़े भी सुबह मंदिर पहुंची और भगवान महाकाल के दर्शन किए। पुजारी जितेंद्र शर्मा ने उनका पूजन संपन्न कराया। मंदिर समिति ने उनका सम्मान किया।

### ससुराल वालों ने दामाद के साथ की मारपीट

**पत्नी सीमा ने टीवी की आवाज को लेकर विवाद शुरू कर दिया था**

**उज्जैन।** पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया पत्नी ने मायके से अपने परिवार को बुला लिया, परिवार ने आते ही दामाद के साथ मारपीट शुरू कर दी बीच बचाव करने दामाद के परिजन आए तो उन्हें भी पीट दिया। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के पंत पिपलाई में रहने वाले संजय पिता दुलीचंद चौहान को बुधवार शाम घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया था उसके साथ घायल अवस्था में पिता दुलीचंद मां सोरम बाई और मोहन चौहान भी था। डॉक्टर ने संजय को चोट अधिक लगने पर उपचार के लिए भर्ती किया वहीं अन्य का प्राथमिक उपचार किया। घायल संजय ने बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है, बुधवार को उसने छुट्टी मनाई थी घर पर टीवी देख रहा था इसी दौरान पत्नी सीमा ने टीवी की आवाज को लेकर विवाद शुरू कर दिया, कहासुनी बढ़ने पर वह अपने घर के समीप रहने वाले पिता दुलीचंद के यहां जाकर सो गया। सीमा ने अपने मायके वालों को विवाद की जानकारी दी, सांवेर के पास ग्राम नागपुर से ससुर तोलाराम और साले राकेश, कालू, कैलाश अन्य 67 लोगों के साथ पंथ पिपलाई आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, मारपीट होते देख पिता और मां बचाने आए तो उनके साथ भी ससुराल वालों ने विवाद किया और लात घुसो से मारपीट की। परिवार के दो पक्ष में हुए विवाद के बाद मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस ने घायल परिवार के बयान दर्ज कर मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## ढाई लाख रुपए की एमडी ड्रग्स के साथ 4 गिरफ्तार

**एक महिला और पुरुष नारंगी रंग की पल्सर बाइक से गरोठ ब्रिज के नीचे से गरोठ बायपास पर धराए**



**उज्जैन। मादक पदार्थ को लेकर चलाए जा रहे अभियान में बुधवार गुरुवार रात को पुलिस ने एक महिला और तीन युवकों को ढाई लाख कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक बाइक भी जब्त की गई है।**

पंवासा पुलिस को रात में सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला और पुरुष नारंगी रंग की पल्सर बाइक से गरोठ ब्रिज के नीचे से गरोठ बायपास की ओर मादक पदार्थ बेचने की फिराक में आने वाले हैं। सूचना पर थाना प्रभारी गमर सिंह मंडलोई ने टीम के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। इस दौरान मौके पर एक महिला एवं पुरुष संदिग्ध अवस्था में पाए गए, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में नाम जावेद उर्फ खन्ना पिता एजाज अली, निवासी पीड़ावा जिला झालावाड़ (राजस्थान) और अलीशा उर्फ शमीम खान पति फिरोज खान निवासी नानाखेड़ा उज्जैन सामने आये। दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 55 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया गया। दोनो ने बताया कि मादक पदार्थ ऋतिक पिता युवराज सौदे 25 वर्ष, निवासी ए ब्लॉक पंवासा और आदर्श पिता रवीन्द्र सिंह भदौरिया 30 वर्ष निवासी गांधी नगर, आगर रोड उज्जैन से बेचने के लिए लेकर आए हैं। पुलिस ने मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वालों की जानकारी सामने आने पर उनकी तलाश में दबिश दी और उन्हें भी रात में ही गिरफ्तार कर लिया। 55 ग्राम मादक पदार्थ की कीमत ढाई लाख रुपये और आरोपियों से बरामद बाइक की कीमत 1 लाख रुपये है।

## सरकारी गेहूं खरीदी शुरू, तौल कांटों की पूजा कर हुआ शुभारंभ

**किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए 3627 खरीदी केंद्र स्थापित**

**छोटे और सीमांत किसानों को मिल रही प्राथमिकता**

प्रदेश भर में गेहूं उपार्जन के लिए 3627 केंद्र बनाए गए हैं। सरकार ने इस वर्ष 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में छोटे और सीमांत किसानों को उपज बेचने में प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी उपार्जन केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत सरकारी गेहूं खरीदी गुरुवार 9 अप्रैल से शुरू हो गई है। उज्जैन कृषि उपज मंडी प्रांगण में भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में शासकीय गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। किसान मोर्चा के दिनेश विश्वकर्मा ने तौल कांटों की विधिवत पूजा-अर्चना कर उपार्जन की शुरुआत की। इस अवसर पर अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवीन यादव, पप्पू सिंह कीर, दिनेश कुंभकार, अशोक ठाकुर, संजय शर्मा और मंडी समिति प्रबंधक विमलेश जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि पहले चरण में उज्जैन, इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में खरीदी प्रारंभ की गई है। शेष स्थानों पर 10 अप्रैल से खरीदी की शुरुआत होगी। इस वर्ष किसानों को गेहूं का लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए राज्य सरकार 40 रुपये का अतिरिक्त बोनस दे रही है, जिससे समर्थन मूल्य और बोनस मिलाकर किसानों को 2700 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिलेगा।

### मिश्रा ने किया वार्ड 49 एवं 53 का निरीक्षण

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रात: निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 49 एवं 53 में सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। वार्ड क्रमांक 49 अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद आभा कुशवाहा के साथ वार्ड का भ्रमण किया गया। जिसमें पुराने झोन कार्यालय के स्थान पर उद्यान का निर्माण किए जाने, मुनि नगर स्थित बास्केटबॉल एरीना के अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने एवं वार्ड में स्थित बड़े नालों की सफाई बारिश के पूर्व करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी के साथ आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 53 के पार्षद प्रतिनिधि करण परमार के साथ बसंत विहार क्षेत्र, तारामंडल क्षेत्र, इंदौर रोड से लेकर नानाखेड़ा महामृत्युंजय द्वारा तक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया की सर्विस रोड पर जो अवैध अतिक्रमण है उसे तत्काल हटाया जाए एवं सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक यंत्री मनोज राजवानी, उपयंत्री प्रवीण वाडिया, योगिता तंवर उपस्थिति रहे।

### पुलिस पेंशनर संघ करेगा छाछ का वितरण


**धर्म और आस्था की पंचक्रोशियों का किया जाएगा स्वागत और छाछ का वितरण होगा**

**उज्जैन। धर्म और आस्था की पंचकोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पुलिस पेंशनर संघ द्वारा विशेष पहल की जा रही है। संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 अप्रैल को जाग्रती गार्डन चौराहा पंचक्रोशी मार्ग पर यात्रियों के लिए बड़े स्तर पर छाछ (मठ्ठा) वितरण किया जाएगा।**

संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं प्रांतीय मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल रविवार को सुबह 7 बजे से पंचकोशी यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान मसाला युक्त 5100 सो लीटर छाछ का वितरण किया जाएगा, जिससे यात्रियों को गर्मी में राहत मिल सके। इस सेवा कार्य को सफल बनाने के लिए संगठन द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में पुलिस पेंशनर संघ के सदस्य, उनके परिवार की महिलाएं एवं बच्चे भी सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे। साथ ही सभी स्वयंसेवकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर पंचकोशी यात्रियों के स्वागत के लिए प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार (मंदसौर) एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एसपीएस चौहान (इंदौर) विशेष रूप से उज्जैन पहुंचेंगे।

**महापौर चोपाल...** पीएचई विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए महापौर चौपाल का आयोजन

## पेयजल से संबंधित समस्याओं का किया निदान



**उज्जैन।** 9 अप्रैल गुरुवार को शहर के नागरिकों की पेयजल से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय पर महापौर चौपाल का आयोजन महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में किया गया। जिसमें पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका तत्काल निराकरण किया गया। चौपाल के अंतर्गत अवैध से वेध कनेक्शन कराने हेतु 15 आवेदन प्राप्त हुए एवं 53 शिकायतें जिसमें पाइपलाइन डालने, लाइन लीकेज की समस्या, सप्लाई के दौरान कम प्रेशर, गंदे पानी की समस्या, जल कर की राशि में त्रुटि सुधार कार्य इत्यादि शिकायतें प्राप्त हुई। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा बताया कि चौपाल के अंतर्गत नागरिकों द्वारा जो समस्याएं बताई गई उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा अवैध नल कनेक्शन को वैध करने की कार्रवाई के आवेदन प्राप्त हुए जिसमें उपभोक्ता अपनी रजिस्ट्री, पट्टा या एग्रीमेंट, आधार कार्ड, समग्र आईडी, संपत्ति कर की रसीद, बिजली बिल आवेदन के साथ संलग्न करते हुए निर्धारित शुल्क जमा कर अपने अवैध कनेक्शन को वैध करवा सकते हैं। साथ ही जिन उपभोक्ताओं के द्वारा नल कनेक्शन की अग्रिम राशि जमा करवा दी गई है। उसके बाद भी उनको बिल जमा करने हेतु एसएमएस आ रहे हैं उनकी समस्या का भी तत्काल निदान किया गया। इस दौरान जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान, रजत मेहता, शिवेंद्र तिवारी, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, पुरुषोत्तम मालवीय, पार्षद गजेंद्र हिरवे, राजेश बॉथम, राखी कड़ेल, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार एवं इंजीनियर उपस्थित रहे।